Nai Dunia (Indore) 25th February 2020, Nai Dunia Live, Page-15

# आईआईटी में शुरू होगा थर्मल मैनेजमेंट और पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स का कोर्स

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर एक मार्च से गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम की शुरुआत करेगा। इसमें थर्मल मैनेजमेंट ऑफ पॉवर डेंस इलेक्ट्रॉनिक्स, करंट स्टेटस एंड चैलेंजेज विषय पर एक सप्ताह का पाठ्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों को वर्तमान में पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों से उच्च ताप प्रवाह को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कूलिंग तकनीक की समझ प्रदान की जाएगी। कुछ फोकस क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए शीतलन समाधान, थर्मल पैकेजिंग में वर्तमान रुझान, गर्मी हस्तांतरण का कार्यान्वयन, गर्मी फैलाने के लिए वर्तमान तरीके, थर्मल इंटरफेस सामग्री, फेज चेंज मटेरियल, जेट कूलिंग, माइक्रोकैनेल हीट सिंक और सिंथेटिक जेट जैसे विषयों पर पाठयक्रम में बताया जाएगा। पाठयक्रम मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग संचालित करेगा। ऐसे कोर्स चलते रहे इसके लिए भारत सरकार ने वर्ष 1970 में गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसमें शिक्षकों की कक्षा, शिक्षण और सीखने में सुधार के लिए प्रमुख क्यूआईपी केंद्रों में शॉर्ट टर्म कोर्स आयोजित किए जाते हैं। आईआईटी इंदौर भी एक मान्यता प्राप्त क्यूआईपी केंद्र है और कुछ विशिष्ट विषयों में डॉक्टरेट डिग्री प्रोग्राम प्रदान करता है।